### एक नजर में

## जनकल्याण शिविर एवं लोक कल्याण मेला लगा



**बड़वानी।** नगर पालिका परिषद् परिसर में 12 जून को 2026 को जनकल्याण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें केंद्र शासन एवं राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के स्टॉल लगे। साथ ही हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं हितलाभ वितरण किया। नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान, निक्कू चौहान, नपा उपाध्यक्ष सुभाष भावसार, पार्षद मोहन बामनीया, अविनाश कलोसिया, शंकर कुशवाह, भागाबाई शोभाराम, एल्डरमेन राजेंद्र सोनी, विश्वास सराफ, पार्षद प्रतिनिधि बाबुलाल आर्य, प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक वरूण चावड़ा एवं सीएमओ सोनानी शर्मा ने हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र दिए। साथ ही प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के सफलतापूर्वक 6 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में पथ विक्रेताओं के लिए 1 से 30 जून तक लोक कल्याण मेला भी नगर पालिका परिसर लगाया है। लोक कल्याण मेले अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को प्रधानमंत्री स्वपनिधि योजना अंतर्गत प्रथम बार में 15 हजार, दूसरी बार में 25 हजार एवं तीसरी बार में 50 हजार का ऋण एवं दूसरी बार का ऋण चुका चुके हितग्राही को क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी जा रही है। साथ ही प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में सीएससी के माध्यम से पेंशन योजना एवं डिजीटल बैंकिंग सेवा से भी जोड़ा जा रहा है। इस मेले में स्वनिधि योजना अंतर्गत समय से ऋण चुकाने वाले हितग्राहियों का सम्मान भी किया जा रहा है। साथ की शासन की 8 महत्वपूर्ण योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**बड़वानी।** आगामी मोहर्रम पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर एवं एसडीओपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में 11 जून 2026 को थाना कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर नागरिकों के साथ चर्चा की गई। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने तथा पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर जोर दिया गया। कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की समझाईश दी गई। साथ ही नागरिकों से पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करते हुए शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से शांति, सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मोहर्रम पर्व मनाने तथा जिले की कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया गया। बैठक में तहसीलदार, थाना प्रभारी, नगरपालिका टीम, नागरिक, पत्रकार तथा ग्राम और नगर रक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## सर्पदंश से मृत्यु हो जाने पर 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**आलीराजपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कट्ठीवाड़ा ने ग्राम कलमाजा तहसील कट्ठीवाड़ा की निवासी दितली पति नुरला उम्र 63 वर्ष की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के तहत चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई । यह आर्थिक सहायता मृतक के वैध वारिश उसका पुत्र रमजु पिता नुरला को सौंपी जाएगी ।

## उदयगढ़ में जनकल्याण शिविर आयोजित, 104 आवेदन प्राप्त

**आलीराजपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक चल रहे विशेष पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत उदयगढ़ में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर नीतू माथुर ने की। शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सीधे पहुंचाना रहा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही आवेदन, पंजीयन एवं लाभ वितरण की प्रक्रिया पूरी की गई। ग्रामीणों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन किए। शिविर में सहकारिता विभाग के 1, महिला एवं बाल विकास के 51, पेंशन के 22, जनजाति विभाग के 4, जन्म प्रमाण पत्र के 12, राजस्व (फौती) के 5, पशुपालन के 5, विद्युत नवीन कनेक्शन का 1, समग्र आईडी के 3 और संबल योजना का 1 आवेदन प्राप्त हुआ। इस प्रकार कुल 104 आवेदन दर्ज किए गए। कलेक्टर माथुर ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से शासन जनसेवा को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से दिया जाए। साथ ही आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक ऐसे शिविरों का लाभ उठाएं। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष नहजु बाई अजनार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे । उक्त जानकारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे द्वारा दी गई ।


## सर्पदंश से मृत्यु हो जाने पर 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**आलीराजपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कट्ठीवाड़ा ने ग्राम कलमाजा तहसील कट्ठीवाड़ा की निवासी दितली पति नुरला उम्र 63 वर्ष की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के तहत चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई । यह आर्थिक सहायता मृतक के वैध वारिश उसका पुत्र रमजु पिता नुरला को सौंपी जाएगी ।


## मेघदूत गार्डन में ब्रिक्स अतिथियों के पौधारोपण की तैयारियां तेज

**इंदौर.** ब्रिक्स सम्मेलन के अंतर्गत प्रस्तावित पौधारोपण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बुधवार को शहर के प्रमुख उद्यान मेघदूत गार्डन का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने ब्रिक्स इंडिया परिसर सहित पूरे गार्डन क्षेत्र का अवलोकन किया, जहां ब्रिक्स देशों के अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया जाना प्रस्तावित है. उन्होंने स्थल की सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और आगंतुक सुविधाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.

# सामान्य सभा बैठक को नहीं मिला कोरम

**सेंधवा, ( रमन बोरखड़े )।** जनपद पंचायत की सामान्य सभा बैठक का बहिष्कार होने से शुक्रवार को बैठक नहीं हो सकी। अध्यक्ष लता सीताराम पटेल सहित अधिकांश सदस्य बैठक में शामिल नहीं हुए। 25 सदस्यों वाले सदन में केवल 5 से 7 सदस्य ही पहुंचे, जिससे कोरम पूरा नहीं हो सका।

जपं सेंधवा में 12 जून को प्रस्तावित सामान्य सभा बैठक को लेकर पहले से विवाद की स्थिति बनी हुई थी। भाजपा समर्थित जपं अध्यक्ष लता सीताराम पटेल ने बैठक से पूर्व जिला पंचायत बड़वानी और जनपद पंचायत सेंधवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र भेजकर बैठक निरस्त करने की मांग की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि बैठक उनकी जानकारी और सहमति के बिना बुलाई गई है तथा कुछ गैर सदस्यों के कहने पर बैठक आयोजित की जा रही है। बता दे कई मुद्दों को लेकर जपं सीईओ अंजली बड़ोले और जपं अध्यक्ष लता पटेल में खींचतान जगजाहिर होने लगी है। ऐसे में बिना अध्यक्ष की सहमति के बैठक आयोजित करना जनपद सीईओ के फैसले पर उल्टा पड़ा है। बैठक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अधिकांश जपं सदस्य अनुपस्थित रहे। जपं कार्यालय से जुड़े कर्मचारियों ने भी सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण बैठक नहीं होने की जानकारी दी।



### सीईओ से नहीं हो सका सम्पर्क

बैठक नहीं होने के संबंध में जनपद पंचायत सेंधवा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली बड़ोले से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन कॉल रिसीव नहीं किया। अध्यक्ष लता सीताराम पटेल पहले ही अपने पत्र में बैठक की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे निरस्त करने की मांग कर चुकी थी। अब बैठक के बहिष्कार और कोरम पूरा नहीं होने के बाद यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा

**पानसेमल, ( नवभारत )।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस ने बकरी चोरी के प्रकरण में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र में बकरी चोरी करने की शिकायतों पर बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही थी। मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने तोशिफ पिता वाहिद खान निवासी 52 बंगला ग्रीन पार्क कॉलोनी इंदौर एवं सलमान पिता गुड्डू पठान खान निवासी काकड़ ग्रीन पार्क शिरपुर तालाब इंदौर को पकड़ा है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे किराये की कार लेकर विभिन्न क्षेत्रों में बकरी चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपियों ने बताया कि शाहदा महाराष्ट्र से वापस लौटते समय ग्राम मोयदा क्षेत्र से बकरियों की चोरी की थी घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार एमपी 09 टीए 6420 एवं नगदी बरामद की है। दोनों आरोपी फरार चल रहे थे।

### आरोपियों से की जा रही है पुछताछ

पुलिस द्वारा आरोपियों से अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। जिससे अन्य महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है। थाना प्रभारी रावत ने बताया कि आरोपितों द्वारा किराए की कार लेकर चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस की कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक विजय रावत, सहायक उप निरीक्षक सखावत अली, प्रधान आरक्षक अजय चौहान एवं स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

# स्नेहा दावदे का शहर में भव्य स्वागत



**बड़वानी, ( नवभारत )।** अंडर-18 एशिया हॉकी कप 2026 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए देश को कांस्य पदक दिलाने वाली बड़वानी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी स्नेहा दावदे का गुरुवार को शहर आगमन पर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। उनकी उपलब्धि से जिले के साथ पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ा है।

प्रथम नगर आगमन पर शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर स्वागत मंच सजाए गए। नागरिकों, खेल प्रेमियों और सामाजिक संगठनों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। आयोजित समारोह में राज्यसभा सांसद सुमेरसिंह सोलंकी, पूर्व मंत्री प्रेमसिंह पटेल, जिला अध्यक्ष अजय यादव, विधायक राजन मंडलोई, नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान और भाजपा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक मौजूद रहे।

समारोह में स्नेहा के माता-पिता और उनके कोच का भी विशेष सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि परिवार के सहयोग, समर्पण और कोच के मार्गदर्शन से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी है। उन्होंने कहा कि स्नेहा की सफलता जिले के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उपस्थित नागरिकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धियां हासिल करने की शुभकामनाएं दी।

# पटेलों ने एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

▶ ग्राम पटेलों की नियुक्ति समयबद्ध क्रम से करने, मानदेय मिलने की मांग

**पानसेमल, ( नवभारत )।** ग्राम पटेलों की नियुक्ति समयबद्ध क्रम में करने की मांग को लेकर पटेलों ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। मध्य प्रदेश पटेल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पटेल ने बताया कि शासन द्वारा पटेलों का सम्मान बढ़ाने के लिए नियुक्ति समयबद्ध क्रम में सुनिश्चित की जाए तथा पटेलों द्वारा अपनी राशि खर्च कर परम्परागत रूप से सर्वसमाज के हित में अपने कार्य किए है।

ग्राम में जो पटेल परिवार है, उन्हीं के परिवारों के सदस्यों को ही ग्राम पटेल के रूप में नियुक्ति दी जाए। जिससे पीढ़ी दर पीढ़ी पटेलों का मान सम्मान बना रहे। साथ ही



उन्होंने जिले के ग्रामों में वर्तमान में कार्यरत पटेलों की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पटेलों के मानदेय को लेकर भी अपनी बात रखी गई। इस दौरान क्षेत्र के खारख्या पटेल केवडी, बंसत पटेल भड़भड़ा, वसंत हिरामण पाटील भडगोन, नारसिंग पटेल चारलीपेठा, संतोष पटेल राखी बुजुर्ग, कैलाश पाटील मोरतलाई, मनक दत्तु पाटील मलका, शन्या पटेल भड़भडा, शेरसिंह खेडकर मनकुई, सर्वेश्वर पटेल खेतिया, तुकाराम पटेल कंज्यापानी (तहसील अध्यक्ष पानसेमल), विशाल खेडकर अलखड़ (तहसील महामंत्री पानसेमल), सायसिंह पटेल ललवान्या, सुरज पटेल निसरपुर, पोपटराव पटेल चिखल्दा, देविसिंह पटेल खड़ीखाम, राजेंद्र पटेल बेड़िया, गरमसिंह खेडकर पटेल अलखड़, रूपसिंह पटेल गौरीखेड़ा सहित अन्य समाजजन एवं वरिष्ठ मौजूद रहे।

# उदयगढ़ में जनकल्याण शिविर आयोजित, 104 आवेदन प्राप्त

**आलीराजपुर, 12 जून 2026। विश्व पर्यावरण दिवस से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक चल रहे विशेष पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत उदयगढ़ में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर नीतू माथुर ने की।**



शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सीधे पहुंचाना रहा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही आवेदन, पंजीयन एवं लाभ वितरण की प्रक्रिया पूरी की गई।

ग्रामीणों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन किए। शिविर में सहकारिता विभाग के 1, महिला एवं बाल विकास के 51, पेंशन के 22, जनजाति विभाग के 4, जन्म प्रमाण पत्र के 12, राजस्व (फौती) के 5, पशुपालन के 5, विद्युत नवीन कनेक्शन का 1, समग्र आईडी के 3 और संबल योजना का 1 आवेदन प्राप्त हुआ। इस प्रकार कुल 104 आवेदन दर्ज किए गए।

कलेक्टर माथुर ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से शासन जनसेवा को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से दिया जाए। साथ ही आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक ऐसे शिविरों का लाभ उठाएं। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष नहजु बाई अजनार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे । उक?त जानकारी डिप?टी कलेक?टर सुश्री निर्मला कलमे द्वारा दी गई ।

# डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दूसरा चरण शुरू, 18 जून तक पंजीकरण होगा

**आलीराजपुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज अलीराजपुर के प्राचार्य बी एस जमरा ने बताया तकनीकी शिक्षा मध्यप्रदेश द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की कॉउंसलिंग के प्रथम चरण के तहत अर्हकारी परीक्षा (10 वीं उत्तीर्ण) के आधार पर 09 जून से 18 जून तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किये जा सकेंगे, 27 जून से 03 जुलाई तक प्रतिदिन संस्था में प्रवेश हेतु छात्रों को समस्त दस्तावेज लेकर उपस्थित होना होगा । पूरी प्रक्रिया वेबसाइट *httpsÑ//dte.mponline.gov.in* पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी स्वयं या कियोस्क सेंटर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है द्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय अलीराजपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच संचालित है।

कॉउंसलिंग संबन्धी किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या आने पर 9617240963, 7999932947, 9770340896, 8102728043, 8871691331, 9827843602 में से इन नम्बरो पर सीधे संपर्क किया जा सकता है ।




# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर संयुक्त अभियान चलाया

**आलीराजपुर।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिले में बाल श्रम रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया गया। जिला श्रम अधिकारी के निर्देशन में श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जीवन ज्योति हेल्थ सर्विस की संयुक्त टीम द्वारा नगरीय क्षेत्र के प्रमुख स्थानों— दाहोद नाका, टॉकीज चौराहा, कुक्षी रोड, बस स्टैंड आदि में निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान दुकानदारों एवं होटल संचालकों को बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम की जानकारी दी गई तथा पेम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का कार्य कराना पूर्णत: प्रतिबंधित है, वहीं 14 से 18 वर्ष के किशोरों को खतरनाक कार्यों में नियोजित करना भी अवैध है। बाल श्रमिक पाए जाने पर पेंसिल पोर्टल, श्रम विभाग, बाल कल्याण समिति, पुलिस विभाग या जनसाहस मजदूर हेल्पलाइन 18002000211 पर सूचना दे।

**एक नजर में** ▶ भागवत ग्रंथ की चोरी से श्रद्धालुओं में आक्रोश, आयोजकों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र बरामदगी की मांग की

# कृष्ण-सुदामा की मित्रता संसार की सर्वश्रेष्ठ मिसाल : पं. जितेंद्र महाराज

**आलीराजपुर।** स्थानीय असाडपुरा में चौहान परिवार नागदा एवं आलीराजपुर द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य एवं भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ। कथा समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। महाआरती, महायज्ञ और महाप्रसादी के साथ कथा का विधिवत समापन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ लिया।

कथा के अंतिम दिवस भागवताचार्य पं. जितेंद्र महाराज जी उज्जैन ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का अत्यंत मार्मिक प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि कृष्ण-सुदामा की मित्रता संसार में सर्वश्रेष्ठ और आदर्श मित्रता की मिसाल है। सुदामा जी ने भगवान श्रीकृष्ण को प्रेमपूर्वक दो मुट्ठी चावल



अर्पित किए और प्रभु ने बिना मांगे ही उन्हें दो लोकों का सुख प्रदान कर उनकी दरिद्रता दूर कर दी। सच्ची मित्रता स्वार्थ, लोभ और दिखावे से नहीं, बल्कि समर्पण, प्रेम और आत्मीयता से निभाई जाती है।

पं. जितेंद्र महाराज जी ने गोस्वामी तुलसीदास जी की चौपाई 'जे न मित्र दु:ख होहिं दुखारी...' का उल्लेख करते हुए कहा कि सच्चा मित्र वही है, जो मित्र के दु:ख को अपना दु:ख समझे। जो व्यक्ति मित्र के दु:ख में दु:खी नहीं होता, वह सच्ची मित्रता के योग्य नहीं माना जा सकता। मित्रता केवल सुख के समय साथ रहने का नाम नहीं, बल्कि विपत्ति और कठिन समय में निष्ठापूर्वक साथ निभाने का संकल्प है।

उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा का महात्म्य बताते हुए कहा कि भागवत कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिसमें स्वयं भगवान श्रीकृष्ण विराजमान हैं। इसके श्रवण से मनुष्य को ज्ञान, वैराग्य, भक्ति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। राजा परीक्षित को भी श्रीमद् भागवत श्रवण से मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज और भावी पीढ़ी को संस्कार, सदाचार और भक्ति से जोड़ने का दिव्य माध्यम है।

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा, रुक्मणी विवाह और कृष्ण-सुदामा मिलन के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। मीडिया संयोजक उमेश वर्मा कछवाहा के अनुसार, जब पं. जितेंद्र महाराज जी ने 'कन्हैया से कह दो दर पे सुदामा गरीब आ गया है...' जैसे सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी, तो पूरा कथा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इस दौरान गरबा रास का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे।